# कोलकाता से आएगा 7000 करोड़ का निवेश

## रोड शो : 14 एमओयू हुए, 14 हजार लोगों को रोजगार मिलेंगे

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत मंत्रियों व अधिकारियों की टीम ने मंगलवार को कोलकाता में रोड शो किया। इसमें दिग्गज उद्योगपतियों के साथ 7 हजार करोड़ रुपये के निवेश के लिए 14 एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस निवेश से प्रदेश में 14 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा।

यह टीम औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और श्रम व सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर की अगुवाई में कोलकाता गई है। >> संबंधित पेज 2

### सुशासन का नया दौर

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो संदेश में उद्योगपतियों



से कहा कि राजनीतिक स्थायित्व और सुशासन का नया दौर शुरू हुआ है। सबसे बड़े उपभोक्ता बाजार, सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र, निवेश फ्रेंडली नीतियों के साथ कारोबारी सुगमता में यूपी अग्रणी राज्य है। यूपी भारत की आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए तैयार है।

**ये बड़े करार :** ग्रीनटेक एनवायरनमेंट प्रालि. : 2000 करोड़, **कैप्टन स्टील :** 1650 करोड़, **श्याम मेटालिक्स :** 630 करोड़, **हल्दीराम भुजिया वाला :** 500 करोड़, **बालाजी वेफर्स :** 500 करोड़, **इनफिनिटी इंफोटेक पार्क :** 400 करोड़,

### एके-203 राइफल का उत्पादन अमेठी में शुरू

गौरीगंज। अमेठी स्थित कोरवा आयुध फैक्टरी में एके-203 राइफलों का उत्पादन शुरू हो गया है। भारत-रूस संयुक्त उपक्रम के



तहत इंडो रशियन राइफल्स प्रालि. इसका उत्पादन कर रही है। राइफलों की पहली खेप सेना को मार्च में मिलने की उम्मीद है। राइफलों का निर्माण मेक इन इंडिया के आधार पर हो रहा है। मंगलवार को रूसी कंपनी ने प्रेस रिलीज में बिताया कि राइफलों की पहली खेप का उत्पादन शुरू हो गया है। संवाद